*नैक (NAAC) द्वारा “A” ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

---

# 31 को सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस पर

## राष्ट्रीय एकता पर परिचर्चा, फिल्म, पोस्टर, निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन

वर्धा दि. 24 अक्तूबर 2014 : सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 31 अक्तूबर को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। 31 अक्तूबर को प्रात: 6.30 बजे गांधी हिल पर राष्ट्रीय, एकता, अखंडता एवं सुरक्षा की शपथ ग्रहण की जाएगी।




इसके बाद गांधी हिल्स से नज़ीर हाट तक राष्ट्रीय एकता दौड़ आयोजित होगी। 07.30 बजे भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियां और सरदार पटेल विषय पर कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र की अध्यक्षता में परिचर्चा आयोजित की जाएगी। 11.30 बजे राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा विषय पर विद्यार्थी, शोधार्थियों तथा शिक्षक एवं कर्मियों के लिए पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता होगी। दोपहर 4.00 बजे हबीब तनवीर सभागार में सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन और कार्यों पर दूरदर्शन द्वारा निर्मित वृत्त चित्र का प्रदर्शन किया जाएगा। एकता दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थी, शिक्षक एवं कर्मचारियों के लिए ‘सरदार पटेल के सपनों का भारत’ विषय पर निबंध स्पर्धा आयोजित की जाएगी। इसी कड़ी में महापंडित राहुल सांकृत्यायन केंद्रीय पुस्तकालय में सरदार पटेल, राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा विषय पर आधारित पुस्तकों की प्रदर्शनी लगायी जाएगी जो एक सप्ताह तक जारी रहेगी। इन आयोजनों में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील विश्वविद्यालय द्वारा की गई है।

# 31 रोजी सरदार वल्लभभाई पटेल यांच्या जयंती निमित्त

## परिचर्चा, चित्रपट प्रदर्शन, पोस्टर, ग्रंथ प्रदर्शन, निबंध स्पर्धेचे आयोजन

वर्धा दि. 23 ऑक्टोबर 2014 : सरदार वल्लभभाई पटेल यांच्या जयंती निमित्त 31 ऑक्टोबर रोजी महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विद्‍यापीठात विविध कार्यक्रम आणि उपक्रमांचे आयोजन करण्यात आले आहे. 31 तारखेला गांधी हिल नज़ीर हाट पर्यंत राष्ट्रीय एकता दौडचे आयोजन करण्यात येणार आहे. सकाळी 6.30 वाजता अध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी आणि विद्‍यार्थी गांधी हिल येथे राष्ट्रीय एकतेची शपथ ग्रहण करतील. 07.30 वा. भारताची राष्ट्रीय सुरक्षा, आव्हाने आणि सरदार पटेल या विषयावर कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र यांच्या अध्यक्षतेखाली परिचर्चा आयोजित केली जाईल. 11.30 वा. राष्ट्रीय एकता, अखंडता व सुरक्षा विषयावर विद्‍यार्थी, शिक्षक व कर्मचारी यांच्याकरिता पोस्टर स्पर्धा घेण्यात येईल. दुपारी 4.00 वा. हबीब तनवीर सभागृहात सरदार वल्लभभाई पटेल यांच्या जीवन व कार्यावर आधारित चित्रपट दाखविण्यात येईल. यानिमित्ताने 'सरदार पटेल यांच्या स्वप्नातील भारत' या विषयावर निबंध स्पर्धाही घेण्यात येईल. महापंडित राहुल सांकृत्यायन केंद्रीय पुस्तकालयात सरदार पटेल, राष्ट्रीय एकता, अखंडता आणि सुरक्षा या विषयावर आधारित ग्रंथांचे प्रदर्शन लावण्यात येईल आणि ते एक आठवडाभर चालू राहील. या आयोजनात मोठया संख्येने सहभागी होण्याचे आवाहन विद्‍यापीठाने केले आहे.